# रेलवे का कदम : यात्रियों को मिल रहा साफ लिनेन

- इंदौर डिपो से ट्रेनों में रोजाना लिनेन की सप्लाई
- अब ट्रेनों में मिलेगा ज्यादा साफ और सुरक्षित बेडिंग





**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. यात्रियों की यात्रा को सुखद सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के लिए पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल लगातार प्रयास कर रहा है. इसी के तहत एसी कोचों में यात्रियों को साफ और अच्छी गुणवत्ता वाला बेडिंग ( लिनेन ) उपलब्ध कराया जा रहा है.**

रेलवे द्वारा हर एसी यात्री को 2 बेडशीट, 1 पिलो कवर, 1 फेस टॉवेल और 1 कंबल दिया जाता है. इन सभी वस्तुओं की साफ-सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है. रतलाम मंडल के इंदौर कोचिंग डिपो में एक आधुनिक मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री की सुविधा उपलब्ध है. इसमें वॉशर, ड्रायर, आयरन मशीन और बॉयलर लगाए गए हैं. इस लॉन्ड्री के माध्यम से प्रतिदिन करीब 4 ट्रेनों के लगभग 40 एसी कोचों के लिए लिनेन तैयार किया जाता है. इंदौर की इस लॉन्ड्री में रोजाना लगभग 12,000 बेडशीट, 6,000 पिलो कवर, 6,000 फेस टॉवेल और 200 से अधिक कंबलों की धुलाई की जाती है. बेडशीट, पिलो कवर और टॉवेल को हर इस्तेमाल के बाद साफ किया जाता है, जबकि कंबलों की धुलाई हर 15 दिन में सुनिश्चित की जाती है.

### स्टरलाइज भी करते हैं

साथ ही, लिनेन को नेफ्थलीन और गर्म हवा से स्टरलाइज भी किया जाता है . यहां से प्रतिदिन लगभग 6,000 पैकेट्स तैयार कर ट्रेनों में भेजे जाते हैं . इसके अलावा, रतलाम मंडल की अन्य ट्रेनों में लिनेन की धुलाई और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह काम आउटसोर्स एजेंसियों को दिया गया है . इन एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए लिनेन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाता है .

# सेलिब्रिटी स्पीकर एंड मास्टर ऑफ होम्योपैथी बने डॉ . अर्पित चोपड़ा जैन



**इंदौर. विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयोजित होमियोशक्ति 2026 मेडिकल कॉन्फ्रेंस में होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. अर्पित चोपड़ा जैन को सेलिब्रिटी स्पीकर एंड मास्टर ऑफ होम्योपैथी के रूप में सम्मानित किया गया. यह कार्यक्रम होम्योशक्ति फाउण्डेशन द्वारा लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया.**

इस प्रतिष्ठित समारोह में देशभर से आए होम्योपैथी विशेषज्ञों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में डॉ. जैन को यह सम्मान उनके चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचारों के लिए प्रदान किया गया. डॉ. अर्पित चोपड़ा जैन, जो कि ब्रिक्स देशों के होम्योपैथिक प्रतिनिधि भी हैं, ने अपने कार्यों के माध्यम से जटिल और गंभीर बीमारियों के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. उनके द्वारा विकसित आधुनिक होम्योपैथिक पद्धति को देश-विदेश में सराहा जा रहा है. कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही. डॉ. जैन ने इस अवसर पर कहा कि उनका लक्ष्य होम्योपैथी को विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली और वैज्ञानिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्थापित करना है.

## एक नजर में

### पेट्रोलियम मंत्रालय ने किया थोक एलपीजी आवंटन का विस्तार

**इंदौर .** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आपूर्ति की बदलती परिस्थितियों के बीच औद्योगिक उपयोग के लिए लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की निरंतर और स्थिर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक आदेश जारी किया है . भारत सरकार के सभी सचिवों और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को जारी किए गए एक पत्र में, मंत्रालय के सचिव डॉ . नीरज मित्तल ने कहा कि फार्मा, फ़ूड प्रोसेसिंग, पॉलिमर, कृषि, पैकेजिंग, पेंट, स्टील, मैटल, सेरेमिक, ग्लास, एयरोसोल, फाउंड्री, फोर्जिंग, भारी जल, यूरेनियम और बीज क्षेत्रों में सक्रिय औद्योगिक इकाइयों को मार्च 2026 से पहले की उनकी थोक एलपीजी खपत का 70 फीसदी हिस्सा मिलेगा, बशर्ते कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रतिदिन 0 .2 टीएमटी की ऊपरी सीमा लागू हो . यह 16 से 27 मार्च के बीच हुए कम्युनिकेशन पर आधारित है, जिसमें अतिरिक्त 10 फीसदी हिस्सा 'पाइप्ड नेचुरल गैस' (पीएनजी) सुधार के लक्ष्यों से जोड़ा गया है . यह दृष्टिकोण एलपीजी के संतुलित वितरण को सुनिश्चित करता है, और साथ ही वैकल्पिक ईंधन के बुनियादी ढांचे की ओर बढ़ने में भी मदद करता है . मंत्रालय ने आगे कहा कि जिन उद्योगों में एलपीजी निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण और जिसका कोई विकल्प नहीं है, उन्हें आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी . ऐसे क्षेत्रों के लिए, पीएनजी कनेक्टिविटी के लिए आवेदन की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्धारित शर्तों का पालन करते हुए भी औद्योगिक संचालन पर कोई प्रभाव न पड़े .

### सैमसंग ने ऑफर्स के साथ शुरू की गैलेक्सी ए57, ए37 की बिक्री

**इंदौर .** सैमसंग ने अपने नए गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी स्मार्टफोन की बिक्री 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है।कंपनी का कहना है कि नई ए सीरीज़ खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसमें एक टिकाउ एवं आकर्षक स्लिम डिजाइन में बेहतर कैमरा, दमदार परफॉर्मेंस और एआई फीचर्स का संयोजन मिलता है . गैलेक्सी ए57 5जी तीन रंगों—ऑसम नेवी, ऑसम आइसीब्लू और ऑसम लिलैक—में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 56,999 रूपये और 12जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 62,499 रूपये रखी गई है . वहीं, गैलेक्सी ,37 5जी ऑसम लैवेंडर, ऑसम ग्रेग्रीन और ऑसम चारकोल रंगों में आएगा, जिसकी शुरुआती कीमत 8जीबी/128जीबी वेरिएंट के लिए 41,999 रूपये, 8जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 47499 रुपये और 12जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 52999 रुपये है . ग्राहक 'ट्रिपल ज़ीरो स्कीम' के तहत खरीद सकते हैं, जिसमें बिना डाउन पेमेंट, बिना ब्याज और बिना झंझट की सुविधा मिलती है।ये स्मार्टफोन सैमसंग .कॉम, सैमसंग के एक्सक्लूसिव और पार्टनर स्टोर्स के साथ-साथ अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे . इन स्मार्टफोन्स को और आकर्षक बनाने के लिए सैमसंग कई खास ऑफर्स दे रहा है . दोनों स्मार्टफोन्स में 50एमपी का मुख्य कैमरा दिया गया है .

### अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला 16 से




**इन्दौर .** अभ्यास मंडल का संवाद का सिलसिला 66 वे साल में भी जारी रहेगा,ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला की तैयारीयों को लेकर प्रेस क्लब परिसर में अभ्यास मंडल व्याख्यानमाला समिति, युवा , शिक्षाविद,प्रबुद्ध नागरिकों, पर्यावरणविदों सहित प्रमुख लोगों की बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी 16 मई से 21 मई 2026 तक आयोजित 66 वीं व्याख्यान माला के ,विषयों एवं वक्ताओं के नामो पर चर्चा की गई . डॉ मालासिंह ठाकुर सचिव ने बताया कि व्याख्यानमाला हेतु लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज सिन्हा, श्यामसुंदर ज्यानी पर्यावरणविद, यूएनओ से सम्मानित डॉ माधुरी कानिटकर कुलपति महाराष्ट्र स्वास्थ विज्ञान विश्वविद्यालय की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं . कई वक्ताओं से संपर्क जारी हैं . बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के उपाध्यक्ष तथा पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ गौतम कोठारी ने की . पत्रकार मुकेश तिवारी ने कहा कि साहित्य को केंद्रित कर व्याख्यान रख जाना चाहिएय समाज कार्य महाविद्यालय के डॉ राजेंद्र शर्मा ने कहा कि अभ्यास मंडल की लोकप्रिय व्याख्यान माला का शहर के सभी नागरिकों को इंतजार रहता है . बैठक में अशोक जायसवाल ,मनीष भालेराव, लक्ष्मीकांत पंडित, अरविंद पोरवाल, संदीप खानविलकर, शबीर हुसैन ,पर्यावरणविद डॉ दिलीप वाघेला, डॉ एस एल गर्ग , इसाक चौधरी, राजेंद्र जैन, शाम पांडे हरेराम वाजपाई, कुणाल भंवर, वैशाली खरे, यस जयसवाल, अजय सिंह तोमर आदि ने भी संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए . प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने व्याख्यान माला की तैयारीयों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की . डॉ मनीषा गोर ने आभार व्यक्त किया .

### कैप्री ग्लोबल ने की रिडीमेबल एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा

**इंदौर.** कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड, रिडीमेबल नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) के ट्रेंच-1 पब्लिक इश्यू की घोषणा की है, जिसकी कुल राशि 500 करोड़ रुपये है . इसमें बेस इश्यू साइज 100 करोड़ रुपये के साथ 400 करोड़ रुपये का ग्रीन शू ऑप्शन शामिल है . कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश शर्मा ने कहा, ''हम कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड, रिडीमेबल नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर्स के ट्रेंच-1 इश्यू की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं . कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड में हम एमएसएमई लोन, हाउसिंग लोन, गोल्ड लोन और कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सहित चार प्रमुख लेंडिंग सेगमेंट्स के माध्यम से सुरक्षित और कोलैटरलाइज्ड लोन की व्यापक रेंज प्रदान करते हैं . मजबूत एक्जीक्यूशन, सतर्क रिस्क मैनेजमेंट और टेक इनेबल्ड आउटरीच पर केंद्रित रहते हुए, हम भारत भर के उन उपभोक्ताओं को सहायता प्रदान करने के अपने विजन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, जो अभी तक मुख्यधारा की वित्तीय सेवाओं से वंचित हैं . यह एनसीडी इश्यू निवेशकों को 24 माह, 36 माह, 60 माह और 120 माह की कई अवधि (टेन्योर) के विकल्प प्रदान करता है . इसमें मासिक और वार्षिक ब्याज भुगतान के विकल्प उपलब्ध हैं तथा कूपन रेट 9 .50% सालाना तक है . इश्यू स्ट्रक्चर की टेबल में सभी सीरीज के लिए कूपन रेट और टेन्योर की पूरी जानकारी दी गई है . इन एनसीडी को बीएसई लिमिटेड पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है .



# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू, किसानों में उत्साह

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) पर गेहूं खरीदी का काम आज से शुरू हो गया है. लक्ष्मीनगर मंडी में स्थित शासकीय खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया. इस मौके पर विधायक मधु वर्मा और कलेक्टर शिवम वर्मा की उपस्थिति में खरीदी की शुरुआत हुई.**




कार्यक्रम में किसानों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही. शुरुआत के तौर पर किसान विजू कुमावत और अभिषेक यादव का साफा पहनाकर और फूलमाला से स्वागत किया गया और उनसे प्रतीकात्मक रूप से गेहूं खरीदा गया. जिले में इस बार कुल 41,750 किसान पंजीकृत हैं. इनमें से अब तक 7,840 किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुक कर लिया है. जिले में कुल 90 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसान अपनी सुविधा के अनुसार तारीख तय कर गेहूं बेच सकते हैं. यह खरीदी प्रक्रिया 5 मई 2026 तक चलेगी. किसानों में अपनी फसल बेचने को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा.

### छावनी मंडी में गेहूं खरीदी को लेकर विवाद

की छावनी अनाज मंडी में गेहूं खरीदी को लेकर विवाद सामने आया है . लसूड़िया के किसान दिलीप सिंह ने खरीदी में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं . उनका कहना है कि अच्छी गुणवत्ता वाले गेहूं को कम दर्जे का बताकर उसकी कीमत कम कर दी गई . जहां पहले उन्हें करीब 2300 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहे थे, वहीं बाद में 2200-2250 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदी हुई . किसानों ने मंडी प्रशासन पर व्यापारियों को फायदा पहुंचाने और नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया है . हालांकि, मंडी निरीक्षक मुकेश पाटीदार ने सभी आरोपों को निराधार बताया है .

# जूनी इंदौर, मल्हारगंज और बिचौली हप्सी क्षेत्र में कई प्रतिष्ठान सील

- अग्नि सुरक्षा के प्रबंध नहीं करने के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में आग से बचाव का प्रबंध नहीं करने के खिलाफ आज से प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की. कार्रवाई के तहत कई संस्थानों और निजी व्यवसाय प्रतिष्ठानों को सील किया गया.**

अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज जूनी इंदौर, मल्हारगंज और बिचौली हप्सी क्षेत्रों में प्रशासन ने व्यापक कार्रवाई की. इस दौरान विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं होने पर प्रतिष्ठान सील किए गए. कार्रवाई के तहत एसडीएम घनश्याम धनगर, निधि वर्मा, अजय भूषण शुक्ला के नेतृत्व में प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा शहर के अलग-अलग इलाकों में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान भंवरकुआँ स्थित मारुति सुजुकी एरिना शोरूम, सुकून सिग्नेचर होटल, भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित लाइब्रेरी एवं जिम, टावर चौराहा स्थित विनर्स कोचिंग क्लास, रेमंड शोरूम एवं दुकानों पर जांच कर गई. विभिन्न क्षेत्रों की कार्रवाई में तहसीलदार नारायण नांदेडा,राकेश सस्तिया,अपर तहसीलदार कमलेश कुशवाह, नायब तहसीलदार ओंकार मनाने,धीरेश सोनी, देवेन्द्र कछवाहा भवन अधिकारी सत्येंद्र राजपूत एवं भवन निरीक्षक टीना सिसौदिया एवं भवन निरीक्षक विनोद मिश्रा, पटवारी राहुल सिंह, शैलेंद्र सिंह,अवनीश मिश्रा,नितिन अटोड़े, गितेश तिवारी,आनंद रैदास सही क्षेत्र के पटवारी, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा निगम के कर्मचारी मौजूद थे.

### यहां भी की कार्रवाई

इसी तरह गीता भवन चौराहे पर तुलसी टॉवर की दुकानों, टैरेस पर कैफे एवं टर्फ, नेक्सा मारुति शोरूम तथा इंडस्ट्री हाउस चौराहा पर महिदपुर वाला फर्नीचर, मल्हारगंज क्षेत्र में नवल सेक्टर-सी टूल्स प्राइवेट लिमिटेड, राज मोहल्ला, जवाहर मार्ग स्थित होटल वर्ल्ड, स्कीम क्रमांक-54 स्थित सुपरनाय बिल्डिंग के बेसमेंट में अमृत भोग कैफे, बिचौली हप्सी के उमरीखेड़ा में होटल मेगनेट में अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं पाए जाने पर सील करने की कार्रवाई की गई .

# डॉ . द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित




**इंदौर. विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एवं होम्योपैथी, शिलांग में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में इंदौर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए. के. द्विवेदी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाना न केवल इंदौर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है.**

डॉ. द्विवेदी ने वर्षों की अथक मेहनत, शोध और समर्पण से होम्योपैथी चिकित्सा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है. वर्ष 2014 में आयुष मंत्रालय के गठन के बाद उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए. वर्ष 2015 से वे केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), आयुष मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी विशेषज्ञता प्रदान कर रहे हैं. उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और योगदान को देखते हुए आयुष मंत्रालय ने जनवरी 2025 में उन्हें नॉर्थ ईस्ट के इस प्रतिष्ठित संस्थान में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी. अब वे वहां होम्योपैथी चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय ज्ञान एवं क्लिनिकल दक्षता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. डॉ. द्विवेदी की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह पूरे देश में होम्योपैथी के बढ़ते प्रभाव और स्वीकार्यता का प्रतीक भी है. विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर उनका यह सम्मान देशभर के चिकित्सकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है.

# संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है : करोसिया

- वाल्मीकि समाज के उत्थान के लिए विचार-विमर्श परिचर्चा आयोजित



**इंदौर. नार्थ कमाठीपुरा नवयुवक मंडल द्वारा वाल्मीकि समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं की सहभागिता के साथ विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं मध्यप्रदेश राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता नार्थ कमाठीपुरा के वरिष्ठ समाजसेवी रमेश लाहौरे ने की. परिचर्चा के दौरान समाज के समग्र विकास हेतु प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें नेतृत्व विहीन समाज में सशक्त नेतृत्व तैयार करना, बस्तियों को संगठित कर बस्ती प्रमुखों का गठन, गंभीर बीमारियों से ग्रस्त समाजजनों की सहायता व्यवस्था, गरीब एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा में सहयोग,

बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, पेयजल, ड्रेनेज, धर्मशाला एवं आंगनबाड़ी निर्माण, शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराना और समाजहित में संगठित सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना प्रमुख रहे. समाजजनों द्वारा अपने विचार मुख्य अतिथि श्री करोसिया के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिन पर उन्होंने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है. एकता के बल पर कठिन से कठिन कार्य भी सहज रूप से पूरे किए जा सकते हैं. कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से महा वाल्मीकि पंचायत के वरिष्ठ चौधरी शंकर चिंतामण को मोहल्ला प्रमुख नियुक्त किया गया. कार्यक्रम का संचालन चौधरी ओम अटवाल द्वारा किया गया. आभार प्रदर्शन संतोष मौठ एवं पटेल राकेश नरवाले ने व्यक्त किया.

### 16 धर्मशालाओं का निर्माण कराया

मुख्य अतिथि श्री करोसिया ने जानकारी दी कि समाज की एकजुटता के परिणामस्वरूप इंदौर शहर में अब तक 16 धर्मशालाओं का निर्माण कराया जा चुका है तथा 4 नई धर्मशालाओं का निर्माण प्रगति पर है . इस अवसर पर समाज के संतोष मौठ, जगदीश कंडारे, रंजीत करोसिया, विनोद चिंतामण, मुकेश चिंतामण, श्यामलाल मोठ, सुरेंद्र गरुड़, महेश नरवाले, संजय अटवाल, सुनील गरुड़, राजेंद्र बारेसा, सहित अन्य समाजजन शामिल रहे .

## एक नजर में — नगर निगम द्वारा स्वच्छता प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

# इंदौर एवं देपालपुर वार्ड रैंकिंग विजेताओं को किया सम्मानित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** नगर निगम द्वारा स्वच्छता प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए. इसमें इंदौर ऑफ देपालपुर के वार्डों में स्वच्छता रैंकिंग की गई थी, जिसका सर्वे निगम ने युवाओं से करवाया था. आज शहर के रविंद्र नाट्य गृह में आयोजित समारोह में विभिन्न वार्ड पार्षदों, संस्थाओं और संस्थानों को सम्मानित किया गया. उक्त प्रतियोगिता के लिए विभिन्न स्तर पर स्वच्छता का आंकलन और रैंकिंग की गई थी.

निगम स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहर के सभी वार्डों में स्वच्छ इंदौर वार्ड रैंकिंग 2025-26 तथा देपालपुर में भी वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. उक्त प्रतियोगिता में चयनित वार्डों एवं श्रेष्ठ पार्षदों का महापौर एवं आयुक्त ने विजेताओं को सम्मानित किया. कार्यक्रम के शुरू में वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छ वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है. उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए अन्य पार्षदों से भी अपने वार्डों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की अपील की. आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि प्रतियोगिता का पहली बार डिजिटल तकनीक से सर्वेक्षण किया गया, प्रतियोगिता में सभी वार्ड के नागरिको ने स्वच्छ प्रतिस्पर्धा में भाग लिया. स्वच्छता प्रतियोगिता में स्थान भी प्राप्त किया है. उक्त मौके पर जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को शपथ दिलाई गई. रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य करने के लिए जल रथ का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया. साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले झोन 22 के सफाई मित्रों एवं ड्रेनेज कर्मचारियों को लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में देपालपुर से अध्यक्ष प्रतिनिधि महेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष गोपाल पटेसरियां, महापौर परिषद सदस्य निरंजन सिंह चौहान,अभिषेक शर्मा, नंदकिशोर पहाड़िया, मनीष शर्मा, राजेश उदावत, सचेतक कमल वाघेला कई पार्षद, अपर आयुक्त प्रखर सिंह, सफाई मित्र, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे.



### उत्कृष्ट संस्थान

इंदौर के उत्कृष्ट संस्थानों में इंफिनिटी होटल, सेंट रेफियल स्कूल, मैदांता हॉस्पिटल, शालीमार टाउनशिप, मैरियट होटल, कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय एवं एनएफसी मार्केट को सम्मानित किया गया . देपालपुर में मोदी मांगलिक भवन, सीएम राइज स्कूल, महावीर हॉस्पिटल, नक्षत्र कॉलोनी, ओंकार होटल, कोर्ट परिसर एवं दीनदयाल चौबे मार्केट के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया .

### श्रेष्ठ वार्ड

**प्रथम स्थान**- वार्ड 63 पार्षद मृदुल अग्रवाल
**द्वितीय स्थान**- वार्ड 49 एमआईसी राजेश उदावत
**तृतीय स्थान**- वार्ड 44 पार्षद निशा रूपेश देवलिया

### श्रेष्ठ पार्षद

**प्रथम**- पराग कौशल
**द्वितीय**- राजीव जैन
**तृतीय**- राहुल जायसवाल
**विशेष सम्मान**- रूपाली पेंढारकर

### देपालपुर के परिणाम

**प्रथम**- आजाद वार्ड 14
**द्वितीय**- फिरोज गांधी वार्ड 12
**तृतीय**- गणेश वार्ड 04